O/c

प्रेषक,

रत्न शेखर निर्मल,
अपर सिविल जज (जू0डि0)
न्यायालय संख्या–05, फतेहपुर।

सेवा में,

माननीय निबन्धक (न्यायिक) (बजट)
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद।

द्वारा– माननीय जनपद न्यायाधीश,
फतेहपुर।

विषय– उ0प्र0 न्यायिक सेवा में चयनित विधि परास्नातक उपाधि धारक अभ्यर्थियों को तीन अग्रिम वेतनमान दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मैंने विधि परास्नातक सन 2017 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद से पूर्ण किया तथा इसकी डिग्री दिनांक 29.03.2019 को प्राप्त की।

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद की संस्तुति पर माननीय राज्यपाल, उ0प्र0 ने दिनांक 14.11.2019 को मेरा चयन/नियुक्ति पत्र जारी किया है।

माननीय महोदय मैंने महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 के द्वारा दिनांक 14.11.2019 चयन/नियुक्ति के पूर्व ही विधि परास्नातक की डिग्री प्राप्त कर ली थी।

अतः माननीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि मुझे तीन अग्रिम वेतनमान प्रदान कराने की महती कृपा करें।

प्रार्थी आपका आभारी रहेगा।

सादर।

दिनांक– 25.01.2021

भवदीय

NIRMAL
25.01.2021

(रत्न शेखर निर्मल)
अपर सिविल जज (जू0डि0),
न्यायालय संख्या–05, फतेहपुर

संलग्नक–

1. विधि परास्नातक के अंक पत्र की प्रमाणित प्रति
2. विधि परास्नातक की डिग्री की प्रमाणित प्रति
3. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा निर्गत चयन/नियुक्ति की विज्ञप्ति की प्रमाणित प्रति

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर
पत्रांक संख्या 215/I दिनांक 27-1-2021

अग्रसारित

जनपद न्यायाधीश
फतेहपुर
27-1-2021